देव संस्कृति के विद्यार्थियों ने सीखी जीवन जीने की कला

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नालॅाजी में आर्ट ऑफ लिविंग पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मिस ईशा शर्मा के द्वारा विद्यार्थियों को एवं श्री के.सी. दास द्वारा शिक्षको को जीवन जीने की कला पर व्याख्यान दिया गया व श्री श्री रविशंकर जी के द्वारा बताये गये उपायों के द्वारा जीवन को खुशहाल बनाने के तरीकों से परिचित कराया गया।

जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने आनंद के साथ नवीन ज्ञान को प्राप्त किया। कार्यकम का सफल मार्गदर्शन महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक अपना सहयोग प्रदान किया।